दैनिक न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, मंगलवार 20 दिसंबर 2022

www.nyaysakshi.com

संपादकीय

वित्त मंत्री का नजरिया

इसके पीछे सोच यह है कि सरकार जो कहानी बताती है, उसे जो भी उसी रूप में स्वीकार नहीं करता और उस पर बहस करना चाहता है, उसकी साख को संदिग्ध कर दिया जाए।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के बयान पर उचित ही देश में तीखी प्रतिक्रिया हुई है। आर्थिक मसलों पर संसद में सवाल पूछने पर उन्होंने विपक्ष की तुलना देश से बाहर बैठे दुश्मनों से की और कहा कि देश की आर्थिक तरक्की से उन्हें जलन होती है। यह सीधे तौर पर सवाल पूछने और कमियों की तरफ इशारा करने की जरूरी प्रवृत्ति को अपने समर्थक जमातों के बीच देश-द्रोही ठहरा देने का नजरिया है। इसके पीछे सोच यह है कि सरकार जो कहानी बताती है, उसे जो भी उसी रूप में स्वीकार नहीं करता और उस पर बहस करना चाहता है, उसकी साख को संदिग्ध कर दिया जाए। मुमकिन है कि इस आक्रामकता के पीछे असल कारण जवाब का अभाव हो। आखिर देश की अर्थव्यवस्था के कई ऐसे पहलू हैं, जिन पर अगर सरकार खुल कर चर्चा करने को तैयार हो, उसे खुद 'तरक्की' की बनाई गई अपनी कहानी में कई छेद नजर आएंगे। बहरहाल, अगर वह छेद देखने को तैयार हो, तो उससे समाधान का रास्ता भी नजर आ सकता है। लेकिन वर्तमान सरकार कोई समस्या नहीं देखना चाहती। जाहिर है, वह इन मुद्दों की चर्चा सिरे से ठुकरा देना चाहती है, ताकि भूले से भी उसकी समर्थक जमातों का ध्यान उनकी तरफ ना जाने लगे।

इस कोशिश में जनता से चुन कर आए विपक्षी प्रतिनिधियों की देशभक्ति पर भी अगर अंगुली उठानी हो, तो उसे इसमें कोई हिचक नहीं होती। लेकिन इस नजरिए के कारण देश अलग-अलग नैरेटिव्स में बंटता चला गया है। देश के दूरगामी भविष्य के नजरिए यह चिंताजनक बात है। राष्ट्र की मजबूती सहमति और साझा हित के अधिकतम पहलुओं की तलाश से होती है। देशभक्त शक्तियों का कर्तव्य ऐसे पहलुओं को ढूंढना और उन्हें स्वीकार्य बनाना होता है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्तमान सरकार आर्थिक मुद्दों पर विपक्षी विश्लेषण को नहीं सुनना चाहती। अगर सचमुच वह एक खास धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान आधारित राष्ट्र निर्माण में जुटी होती, तो उसे इन मुद्दों की अवश्य चिंता होती। इसलिए कोई राष्ट्रवाद संबंधित पहचान से जुड़े लोगों की खुशहाली सुनिश्चित नहीं करता, तो वह टिकाऊ नहीं हो सकता। वह महज कुछ समूहों और वर्गों की सत्ता और वर्चस्व को, जब तक संभव हो, टिकाए रहने का जरिया ही हो सकता है।

15 हजार करोड़ रुपये के निवेश के लिए आस्ट्रेलिया व सिंगापुर से समझौता

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी और यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी का ऑस्ट्रेलिया व सिंगापुर का दौरा बेहद सफल रहा। दोनों देशों के दौरे से प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश के द्वार खुले हैं। डाटा सेंटर, लॉजिस्टिक हब, आईटी व शिक्षा आदि क्षेत्रों में लगभग 15 हजार करोड़ रुपये के निवेश के लिए कंपनियों ने करार किए हैं। कई कंपनियों ने प्रदेश में निवेश के लिए इच्छा जाहिर की।

फरवरी में उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए ग्लोबल इनवेस्टर समिट का आयोजन होने जा रहा है। प्रदेश में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए मंत्रियों व अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल कई देशों के दौरे पर है। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी और यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ऑस्ट्रेलिया व सिंगापुर के दौरे पर हैं। दोनों देशों से प्रदेश में निवेश के लिए कई बड़े करार हुए हैं। कई कंपनियों ने करार के लिए, इच्छा जाहिर की है। मसलन सिंगापुर के एसएलजी कैपिटल ग्रुप ने प्रदेश में करीब 8300 करोड़ रुपये निवेश के लिए करार किए हैं। ग्रुप ने डाटा सेंटर व आईटी क्षेत्र में निवेश की इच्छा जाहिर की है।

इसी तरह सिंगापुर के ग्लोबल स्कूल फाउंडेशन ने भी प्रदेश में करीब 100 करोड़ रुपये के निवेश के लिए करार किए हैं। सिंगापुर की कंपनियों के साथ लॉजिस्टिक, डाटा सेंटर व आईटी-आईटीईएस क्षेत्र में निवेश के 4100 करोड़ रुपये के करार हुए हैं। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, अपर मुख्य सचिव शिक्षा दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव तकनीकी शिक्षा सुभाष कुमार, नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी व यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी की मौजूदगी में करार पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा लॉजिस्टिक्स, डाटा सेंटर और कौशल विकास पर फोकस कई और निवेश भी आएंगे। कई कंपनियों ने इन क्षेत्रों में विकास की अपार संभावनाओं को देखते हुए निवेश की इच्छा जाहिर की है। वहीं, उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आमंत्रित करने के लिए सिंगापुर के व्यापार और उद्योग मंत्री के साथ भारतीय प्रतिनिधिमंडल दल ने बैठक की और कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सहयोग मांगा।

प्रतिनिधिमंडल ने एंटरप्राइज सिंगापुर के सहयोग से आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में भी हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में 20 से अधिक बड़ी कंपनियां शामिल रहीं हैं। सीईओ रितु माहेश्वरी ने बताया कि यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए ऑस्ट्रेलिया व सिंगापुर में बड़ी सफलता हासिल हुई है। यहां की कंपनियां प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश की इच्छा जता रही हैं। यह निवेश इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी और इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी इनबिल्ड सर्विसेज से जुड़े केंद्रों की स्थापना में होगा।

शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 20 फीसदी बढ़ा



नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष में 17 दिसंबर 2022 तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 1135754 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 947959 करोड़ रुपये की तुलना में 19.81 प्रतिशत अधिक है।

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आज यहां यह जानकारी देते हुये कहा कि इस अवधि के सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 1363649 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में संग्रहित कुल प्रत्यक्ष कर 1083150 करोड़ रुपये की तुलना में 25.90 प्रतिशत अधिक है।

चालू वित्त वर्ष में अब तक 227896 करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया जा चुका है। शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में कॉर्पोरेट कर 606679 करोड़ रुपये और प्रतिभूति विनिमय कर के सहित व्यक्तिगत आयकर 526477 करोड़ रुपये है।

चालू वित्त वर्ष की पहली, दूसरी और तीसरी इन तीन तिमाहियों में कु अग्रिम कर संग्रह 521302 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में संग्रहित अग्रिम कर 462038 करोड़ रुपये की तुलना में 12.83 प्रतिशत अधिक है। सीबीडीटी के अनुसार 17 दिसंबर 2022 तक जितने भी आयकर रिफंड दाखिल किये गये हैं उनमें से 96.5 प्रतिशत पूर्ण सत्यापित है। इसकी वजह से आईटीआर की प्रोसेसिंग तेजी से हो रही है और अब तक रिफंड में 109 प्रतिशत की तेजी रही है।

ट्विट्र के सीईओ के पद से इस्तीफा देंगे एलन मस्क! बोले- जनता के फैसले का करूंगा सम्मान

नई दिल्ली। ट्विट्र के नए बोस एलन मस्क प्लैटफॉर्म पर लगातार कई तरह के बदलाव कर रहे हैं और हमेशा कुछ नया करने का प्रयास करते रहे हैं। चाहे बात हो टिवट्र के काम काज करने के तरीके की या फिर बात हो प्रीमियम अकाउंट्स की उन्होंने हर तरह के बदलाव प्लैटफॉर्म को आगे बढ़ाने के लिए उठाया है। लेकिन, हाल ही में उन्होंने अपने टिवट्र प्रोफाइल पर एक पोल भी शेयर किये है जिसमें उन्होंने जनता से पूछा है कि क्या उन्हें ट्विटर हेड के पद से इस्तीफा दे देना चाहिए? इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि जनता का जो भी फैसला होगा वे उसका सम्मान करेंगे और उसे मानेंगे भी।

अपने सवाल में उन्हीने जनता से पूछा है कि क्या मुझे ट्विटर के हेड के पद से इस्तीफा दे देना चाहिए? सवाल पूछे जाने के बाद उन्होंने जनता से यह वादा भी किया है कि वे जनता के तरफ से मिली प्रतिक्रिया का सम्मान करेंगे और उन्हें मानेंगे भी। एलन मस्क के इस पोल पर अभी तक करीबन 71,49,886 लोगों ने वोट दिए हैं।

ट्विटर यूजर्स को लुभाने के लिए कू ने की पुराने ट्वीट माइग्रेट करने की पेशकश

फ्री मिलेगा वेरिफिकेशन टिक



नई दिल्ली। माइक्रो ब्लॉगिंग मंच ट्विटर के भारतीय प्रतिद्वंद्वी 'कू' ने ट्विटर उपयोगकर्ताओं के लिए सभी पुराने ट्वीट्स को अपने मंच पर ले जाने की पेशकश की है। यह पेशकश उन लोगों के लिए है, जो ट्विटर से कू के मंच पर स्थानांतरित होने के इच्छुक हैं। कू के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अप्रमेय राधाकृष्ण ने कहा कि उनकी कंपनी आगे भी सत्यापन चिह्न देने के लिए उपयोगकर्ताओं से कोई शुल्क नहीं लेगी। एलन मस्क ने गत अक्टूबर में 44 अरब डॉलर में ट्विटर का अधिग्रहण करने के बाद उसके कई वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया था। इसके साथ ही ट्विटर की मॉडरेशन नीतियों में बदलाव और खाता सत्यापन के लिए शुल्क लेने की बात कही गई।

ट्विटर ने हाल में कई वरिष्ठ पत्रकारों के खातों को भी बिना किसी चेतावनी के निलंबित कर दिया था। हालांकि, सरकारी अधिकारियों, पत्रकार संगठनों और पैरोकारी समूहों की कड़ी आलोचना के बाद उन खातों को से बहाल करना पड़ा। इस बीच भारतीय भाषाओं में अपने विचार व्यक्त करने का मंच मुहैया कराने वाले कू के उपयोगकर्ताओं की संख्या पांच करोड़ डाउनलोड का आंकड़ा पार कर चुकी है। कू ने अब ट्विटर उपयोगकर्ताओं को लुभाने के लिए एक अभियान शुरू किया है। इसके तहत स्व-सत्यापन और एक नि:शुल्क पीले सत्यापन बैज की पेशकश की जा रही है। ताजा पेशकश के तहत कू ने किसी भी पुराने ट्वीट को अपने मंच पर ले जाने की पेशकश की है। राधाकृष्ण ने कहा कि ट्विटर द्वारा कई खातों के निलंबन के परिणामस्वरूप 'बौद्धिक हत्या' से बचने के लिए यह पेशकश की गई है। हालांकि, किसी अन्य उपयोगकर्ता के ट्वीट पर किए गए रिप्लाई, लाइक और शेयर को माइग्रेट नहीं किया जा सकता है।

अनुशासन, जीत की भूख से बनते है चैंपियन : मैरी कॉम

इटावा। मशहूर बाक्सर मैंगते चंमेइजैंग मैरी कॉम ने युवाओं को सलाह देते हुये कहा कि जीवन में अनुशासन और जीतने की भूख आपको किसी भी क्षेत्र में चैंपियन बना सकती है।

दिल्ली पब्लिक स्कूल के दो दिवसीय सालाना स्पोर्ट्स डे समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने आईं मैरी कॉम ने रविवार को बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, हमारे स्कूल में भी स्पोर्ट होता था लेकिन तब इतनी सुविधाएं नहीं थी। कोच नहीं थे। आप सभी बच्चे सौभाग्यशाली है कि आपके पास सब कुछ है। अभिभावकों से यही कहना चाहूंगी कि अपने बच्चों को खेलने दो।

उन्होंने भावुक होते हुये कहा, मैं नहीं पढ़ सकी क्योंकि मैं एक गरीब किसान की बेटी थी। मेरे पास पढ़ाई के लिए पैसे नहीं थे और बस एक जोड़ी ही बॉक्सिंग ग्लव्स और ट्रैक सूट था लेकिन मैंने कभी हारी नहीं और जीवन में खेल को ही अपना भगवान बना लिया और जो भी हूं आपके सामने हूं मैं दुआ करती हूं कि इस स्कूल के बच्चे भी आगे चलकर देश के लिए मेडल लेकर आएं।

चालीस वर्षीय बॉक्सर आज एक अलग ही अंदाज में नजर आई। स्पोर्ट्स डे मंच पर ही वह जम कर डांस करने लगीं। संबोधन के बाद मंच से उतरकर विद्यालय के कई बच्चों से हाथ मिला कर मुलाकात की और अभिभावकों का अभिवादन भी स्वीकार किया। साथ ही कई बच्चों को जैकेट और कॉपी पर ऑटोग्राफ भी दिया। स्कूली बच्चे अंतराष्ट्रीय बॉक्सर को खुद के बीच देखकर बेहद खुश हुए। मेरीकॉम ने प्ले ग्राउंड में जाकर बच्चों के साथ विजयी मुद्रा में फोटो खिंचवाई।

डीपीएस के चैयरमैन डॉ विवेक यादव ने कहा कि मैरीकॉम आत्मविश्वास और ऊर्जा से भरी एक बेहतरीन मां का नाम है। यह उनका आत्मविश्वास और जुनून ही है कि दो बच्चों की मां होने के बाद भी वे छह बार विश्व चैंपियन रह चुकी हैं जो कि पूरी दुनियां के लिए संघर्ष और सफलता की एक प्रेरणा है।

फीफा डब्लूसी 2022 : मेसी का सपना पूरा, अर्जेंटीना 36 साल बाद बना विश्व चैंपियन; पेनल्टी शूटआउट में फ्रांस को हराया

लुसैल। सर्वकालिक महान फुटबॉलर लियोनेल आंद्रेस मेसी की बदौलत अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2022 के रोमांचक फाइनल में फ्रांस को 3-3 (शूटआउट 4-2) से हराकर 36 साल बाद विश्व विजेता का खिताब हासिल कर लिया।

लुसैल स्टेडियम पर आयोजित खिताबी मुकाबले में लियोनेल मेसी ने 23वें मिनट में गोल करके अर्जेंटीना का खाता खोला, जबकि एंजल डी मारिया ने 36वें मिनट में गोल करके बढ़त को दोगुना कर दिया। अर्जेंटीना एकतरफा जीत की ओर बढ़ रही थी लेकिन कीलियन एमबापे ने 80वें और 81वें मिनट में गोल जमाकर गत चैंपियन फ्रांस की मैच में वापसी करवाई। मेसी ने 109वें मिनट में गोल करके अर्जेंटीना को एक बार फिर बढ़त दिला दी, लेकिन एमबापे 118वें मिनट में गोल जमाकर मैच को पेनल्टी शूटआउट में ले गये।

एमबापे ने शूटआउट में गोल करके फ्रांस का खाता खोला, लेकिन उनके अलावा कोलो मुआनी ही फ्रांस के लिये गोल कर सके। दूसरी ओर मेसी, डाइबाला, पारेडेस और मोंटियेल ने शूटआउट में गोल करके चार दशक बाद अर्जेंटीना को विश्व विजेता बनाया।

अर्जेंटीना पिछले 20 साल में खिताब जीतने वाली पहली गैर-यूरोपीय टीम है। अपना आखिरी विश्व कप खेल रहे मेसी ने भी इस जीत के साथ विश्व विजेता का ताज अपने सिर सजाने का सपना पूरा कर लिया।

आज का राशिफल

मेष : आज का दिन आपके लिए उर्जावान रहेगा। यात्रा-पर्यटन की योजना बनेगी व कार्य क्षेत्र पर अधिक ध्यान रहेगा। नौकरों के ऊपर ज्यादा विश्वास न करें। वाणी में विनम्रता लाएँ व बेवजह कलह से बचें।

वृष : आज के दिन कार्य क्षेत्र पर व्यस्तता रहेगी। अधिकांश कार्य अपने ही बलबूते करना पड़ेगा। सहकारी कार्य लेट-लतीफी के कारण अधूरे रहेंगे। स्वभाव से भी आज ढीलापन रहेगा। नयी योजनाओं को हाथ में लेने का मौका मिलेगा।

मिथुन : बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलने की सम्भावना बनेगी। रोजगार के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास आज फलीभूत होने से आर्थिक समस्याओं का समाधान होगा। सार्वजनिक क्षेत्र से शुभ समाचार मिलने की संभावना है।

कर्क : आज आपके पास कार्यो की भरमार रहेगी। परिश्रम का उचित फल कम मिलेगा। संध्या के समय किसी परिचित के सहयोग से लाभ होने से खर्च निकल जाएंगे। लेकिन संध्या का समय शारीरिक रूप से सावधानी बरतने का है।

सिंह : आज का दिन अस्तव्यस्त रहने के बावजूद भी मनोकामना पूर्ण होने के संयोग हैं। सांसारिक गतिविधियों में व्यस्त रहने के कारण स्वयं की अनदेखी करनी पड़ेगी परन्तु इसके बदले धन लाभ होने से संतोष रहेगा।

कन्या : आज दिन के पहले भाग में आपको परिश्रम के अनुसार फल कम मिलेगा। दिमाग में नए-नए विचार रहेगें। नई वस्तुओ की खरीददारी अथवा नये कार्य में निवेश आज ना करें। दोपहर के बाद स्थिति बेहतर होने लगेगी।

तुला : आज दिन का पहला भाग चिंतन में रह सकता है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक रहेगा। महत्त्वपूर्ण कार्य को लेकर किसी से कर्ज लेना हो सकता है। परिजनों की सहानुभूति मानसिक कमजोरी दूर करेगी।

वृश्चिक : आज का दिन आंशिक शुभ रहेगा। सेहत में आज थोड़ी थकान रह सकती है। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन लाभदायक रहेगा। थोड़े परिश्रम से आशा से अधिक मुनाफा कमा सकते है। इसके लिए कुछ अधिक परिश्रम की आवश्यकता रहेगी।

धनु : आज के दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। रूठने-मनाने में दिन का कुछ भाग व्यर्थ हो सकता है। कार्य क्षेत्र पर लाचारी न करें। आज किसी के आगे समर्पण ना करें थोड़ा परिस्थितियां अनुसार राहत मिलेगी।

मकर : आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन पिछले कुछ दिनों से बेहतर रहेगा। कार्य क्षेत्र से अतिरिक्त आय होगी। रुके हुए कार्य पूर्ण होने से भी धन के स्त्रोत्र बढ़ेंगे। सामाजिक गतिविधियों में समय कम दे पाएंगे।

कुंभ : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। सेहत लगभग सामान्य रहेगी। आज कई दिनों से लटके किसी अनुबंध के आगे बढने से धन लाभ की कामना रहेगी। लाभ के कई अवसर मिलेंगे । संध्या बाद आवश्यकता अनुसार धन की पूर्ति हो जाएगी।

मीन : आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। दिन के पहले भाग में आर्थिक दृष्टिकोण से संतुष्टि रहेगी। कार्य क्षेत्र पर बिक्री बढने से धन की आमद होगी। व्यक्तित्व का भी विकास होने से सामाजिक छवि बेहतर बनेगी।

अवतार 2...दो दिन में 1,500 करोड़ रुपए के पार पहुंचा कलेक्शन

ब्लॉकबस्टर फिल्म अवतार का सीक्वल अवतार: द वे ऑफ वॉटर बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहा है। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म ने दो दिन में दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 1,500 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है। भारत में भी फिल्म के कारोबार में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिली है। ओपनिंग डे पर जहां फिल्म ने 41 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, वहीं दूसरे दिन फिल्म की कमाई में 10.85 फीसदी का उछाल आया है।

अवतार: द वे ऑफ वॉटर ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर दूसरे दिन 45.45 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। बता दें कि जेम्स कैमरून की फिल्म के अंग्रेजी संस्करण ने सबसे ज्यादा कमाई की है।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने एक तरफ अंग्रेजी भाषा में 24 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। वहीं दूसरी तरफ हिंदी में 14 करोड़, तेलुगू में चार करोड़, तमिल में तीन करोड़ और मलयालम में 0.45 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।

जेम्स की फिल्म अवतार: द वे ऑफ वॉटर को आईएमडीबी पर 10 में से 8.2 रेटिंग मिली है। यानी फिल्म ने 2018 में आई डेडपूल 2 को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस कलेक्शन (ओपनिंग डे) के मामले में एवेंजर्स इनफिनिटी वॉर और स्पाइडरमैन नो वे होम को पछाड़ दिया था। हालांकि, फिल्म आईएमडीबी रेटिंग के मामले में इन दोनों फिल्मों से आगे निकल पाने में असफल रही है।

वेलकम 3 का शीर्षक होगा वेलकम टू द जंगल

फिल्ममेकर फिरोज नाडियाडवाला वेलकम 3 के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। इस फ्रेंचाइजी की सभी फिल्मों को दर्शकों ने सराहा है। अब फिरोज ने इस फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त के नाम से पर्दा उठा दिया है। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि इस फिल्म का शीर्षक वेलकम टू द जंगल रखा गया है। बता दें कि अक्षय कुमार अभिनीत वेलकम 2007 में आई थी, जबकि इसका दूसरा भाग वेलकम बैक 2015 में रिलीज हुआ था।

फिरोज ने बताया, फिल्म वेलकम 3 को वेलकम टू द जंगल कहा जाएगा। यह फिल्म इस फ्रेंचाइजी के हास्य और मनोरंजन को बरकरार रखेगी। इसके अलावा यह एक सैन्य कार्रवाई की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी। इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन होगा। खबरों की मानें तो इस फिल्म में एक बार फिर नाना पाटेकर, अनिल कपूर और परेश रावल नजर आएंगे।

घर में बनाएं रेस्टोरेंट स्टाइल नान रोटी

घर पर आप बिना तंदूर के नान रोटी बना सकते हैं। आइए जानते हैं बनाने का आसान तरीका।

सामग्री :

- 500 ग्राम मैदा,
- 2-3 चम्मच दही, 1 टी स्पून बेकिंग सोडा,
- 1 टी स्पून नमक, 1 टी स्पून पिसी चीनी,
- 1 कप गर्म पानी, 3 चम्मच मक्खन

विधि :

- सबसे पहले एक कटोरे में मैदे, नमक और पीसी चीनी मिला लें।
- अब इसमें दही और बेकिंग सोडा मिलाकर दो मिनट के लिए छोड़ दें।
- बाद में मैदा में गुनगुना पानी मिलाकर आटे को नरम गूंथ लें।
- अब आटे की छोटी छोटी लोइयां बना लें।
- अब नान को पलटकर दूसरी तरफ हल्का पानी लगाकर उंगलियों से थपथपाएं।
- गैस पर कढ़ाई को उल्टा करके गर्म करें और उसमें नान को ऐसे लगाएं कि वह चिपक जाए।
- नान को आधा ढककर पकाएं, इसे पलटकर दोनों तरफ से पका लें।
- आपकी तंदूरी नान तैयार है।

शब्द सामर्थ्य- 286

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 285 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	मा	न					आ
वा			मि	थु	न		दा	स
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा
	न				ब	क	वा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		व	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

सू-दोकू- 286

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.285 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1